(ग) और (घ). अतिरिक्त लाइनों के लिए योजनाएं तैयार कर ली गई हैं। आशा है कि ये लाइनें नीचे बताए अनुसार चालू हो जाएंगी :

एक्सचेंज	लाइनों की संख्या	चालू करने की संभावित तारीख
सूरत एम०ए० एक्स०–1	1500 लाइनों का विस्तार	सितम्बर, 1974
	3000 लाइनों का विस्तार	मार्च, 1976
	1500 लाइनों का विस्तार	सितम्बर, 1977
सूरत (अठवा)	400 नई लाइनें	दिसम्बर, 1975
सूरत (उधना)	200 लाइनों का विस्तार	मार्च, 1977
सूरत एम० ए० एक्स०–1	1500 लाइनों का विस्तार	दिसम्बर, 1976

आशा है कि ये भावी प्रस्ताव वर्ष 1974–75 तक की मांगों को पूरा कर सकेंगे।

सूरत जिले के पियारा में डाकखाने की इमारत

4735. श्री अमर सिंह चौधरी : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सूरत जिले के पियारा (गुजरात) में डाकखाने की एक इमारत बनाने की कोई योजना है;

(ख) क्या इमारत के निर्माण हेतु भूमि खरीद ली गई है और यदि हां, तो कब, और

(ग) इमारत के कब तक बन कर तैयार हो जाने की संभावना है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क) जी नहीं। सूरत जिले में पियारा नाम का कोई डाकघर नहीं है। तथापि वयारा में एक डाकघर है जिस की इमारत बनाने के लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है।

(ख) जी हां। जमीन का अधिग्रहण तारीख 18-1-1969 को किया गया था।

(ग) इस परियोजना के लिए इमारत बनाने के नक्शों को मंजूर किया जा चुका है और प्रारम्भिक प्राक्कलन अभी तैयार किए जा रहे है। इस प्रकार की परियोजनाओं पर आमतौर से लगे हुए प्रतिबन्ध और आर्थिक कठिनाइयों के कारण इस कार्य को इस वर्ष आरम्भ कर पाना संभव नहीं है।

सापुतारा गिरीनगर, गुजरात में सार्वजनिक टेलीफोन घर की व्यवस्था

4736. श्री अमर सिंह चौधरी : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के डांग जिले में सापुतारा गिरीनगर में एक सार्वजनिक टेलीफोन घर की व्यवस्था करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो टेलीफोन की व्यवस्था कब तक कर दी जाएगी ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा): (क) जी हां।

(ख) उपस्कर उपलब्ध होने पर आशा है कि बी० एच०एफ० लिक पर पी० सी० ओ० मार्च या अप्रैल, 1974 तक खुल जाएगा।